भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2299

दिनांक 31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

भदोही में एम्स उप-केन्द्र की स्थापना

†2299. डॉ. विनोद कुमार बिंदः

श्री प्रताप चंद्र षडङ्गीः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के भदोही तथा ओडिशा के बालासोर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के उप-केंद्र की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की गयी है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) निधि आबंटन, चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य संबंधी पेशेवरों की नियुक्ति तथा इस संबंध में अब तक की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है और इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) लोगों की बढ़ती स्वास्थ्य आवश्यकताओं के बावजूद प्रस्तावित उप-केन्द्रों के संचालन में विलंब होने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के भदोही, ओडिशा के बालासोर, तथा उनके आस-पास के जिलों के लोगों की तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में हुए विलंब के प्रभाव के संबंध में कोई समीक्षा की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त स्थानों पर एम्स उप-केन्द्रों के संचालन के लिए केंद्र सरकार द्वारा क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ड.) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना(पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत, 40.59 करोड़ रुपये की अनुमोदित परियोजना लागत से बालासोर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भुवनेश्वर का एक उप-केंद्र

स्थापित किया गया है। उप-केंद्र का बहिरंग रोगी विभाग वर्ष 2022 में पूरा हो गया था। बालासोर में उप-केंद्र की ओपीडी सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए, सरकार द्वारा 18 असिस्टेंट प्रोफेसर, 18 सीनियर रेजिडेंट और 10 नर्सिंग ऑफिसर के पदों सहित कुल 46 पदों को अनुमोदित किया गया है। अब तक, 30,000 से अधिक रोगियों ने बालासोर के उप-केंद्र में ओपीडी उपचार का लाभ उठाया है।

उत्तर प्रदेश राज्य के संबंध में, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना(पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत रायबरेली और गोरखपुर में एक-एक एम्स की स्थापना की गई है और दोनों संस्थान कार्यशील हैं। पीएमएसएसवाई के वर्तमान चरण में, उत्तर प्रदेश के भदोही में एम्स के उप-केंद्र की स्थापना हेतु कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****